<u>वेब परिचालन हेतु</u>

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
Employees' Provident Fund Organisation
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
(MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA)
मुख्यालय/Head Office
भविष्य निधि भवन, 14, भीकाएजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
Bhavishya Nidhi Bhawan, 14, Bhikaiji Cama Place, New Delhi-110066
वेबसाईट/Website: www.epfindia.gov.in, www.epfindia.nic.in

संख्या: बी.एस.सी. 1(1)2017-18/6901 दिनांक : 11.09.2019

सेवा में,

अपर के.भ.नि.आं. (अंचल)/
क्षेत्रीय भ.नि. आयुक्त- I/II
क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रभारी/
निदेशक, पीडीनास
अपर के.भ.नि.आ. (प्र.से.प्र.)

विषयः 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष हेतु कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के लेखों पर सी एवं ए जी की पृथक लेखापरीक्षा रिपोर्ट।

महोदय,

कृपया एतद्द्वारा 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष हेतु कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के लेखों पर सी एवं ए जी की पृथक लेखापरीक्षा रिपोर्ट संगठन की टिप्पणियों सहित संलग्न है। आप से अनुरोध है कि यह सुनिश्चित करें कि की गई टिप्पणियों को ठीक कर लिया गया है और आपके अंचल/क्षेत्रीय कार्यालय के वार्षिक लेखों में नहीं दोहराया गया है।

भवदीया,

संलग्नः- यथोपरि

(उमा मंडल)
अपर केंद्रीय भ.नि. आयुक्त (वि एवं ले.)

31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (क.भ.नि.सं.) के लेखों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट

पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट - टिप्पणियां	संगठन की अभ्युक्तियां
हमने 31 मार्च, 2018 तक **कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (क.भ.नि.सं.)** के संलग्न तुलनपत्र और इस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए क.भ.नि. एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 की धारा 5ए (6) के साथ पठित नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के (दायित्व, शक्तियां एवं सेवा शर्तें) अधिनियम, 1971 की धारा 19(2) के अंतर्गत आय एवं व्यय लेखों तथा प्राप्तियां एवं भुगतान लेखों की लेखा परीक्षा कर ली है। इन वित्तीय विवरणियों में मुख्यालय, 135 क्षेत्रीय कार्यालयों (क्षे.का.), पीडीनास तथा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (नई दिल्ली एवं बंगलूरू) के क.भ.नि. अपीलीय अधिकरण सहित 21 आंचलिक कार्यालयों के लेखे शामिल हैं। मुख्यालय के इन लेखों में 06 आंचलिक कार्यालय, पीडीनास तथा 18 क्षेत्रीय कार्यालयों की लेखापरीक्षा की गई तथा टिप्पणियों को इस रिपोर्ट में उचित प्रकार से शामिल किया गया है । ये वित्तीय विवरणियां क.भ.नि.सं. के प्रबंधन की जिम्मेदारी हैं। इन वित्तीय विवरणियों पर अपने लेखा परीक्षा के आधार पर, अभिमत व्यक्त करना हमारी जिम्मेदारी है।	1. तथ्यपूर्ण होने के कारण, कोई टिप्पणी नहीं ।
2. इस पृथक लेखापरीक्षा रिपोर्ट में केवल वर्गीकरण, सर्वोत्तम लेखा प्रक्रियाओं के साथ समानुरूपता, लेखा मानक और प्रकटीकरण के मानदंड आदि से संबंधित लेखा निरूपण पर ही नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सी.ए.जी.) की टिप्पणियां निहित हैं । विधि अनुपालन, नियम व विनियम (औचित्य और नियमितता) और दक्षता एवं कार्यपालन पहलुओं आदि के संबंध में वित्तीय विवरणों पर लेखा परीक्षा टिप्पणियों, यदि कोई हों, तो उन्हें निरीक्षण रिपोर्ट/सी.ए.जी. की लेखा परीक्षा रिपोर्टों के माध्यम से अलग से रिपोर्ट किया जाता है।	2. तथ्यपूर्ण होने के कारण, कोई टिप्पणी नहीं ।
3. भारत में सामान्यत: स्वीकृत लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार हमने लेखा परीक्षा की है। इन मानकों के अनुसार यह आवश्यक है कि लेखा परीक्षा इस प्रकार योजना बनाकर की जाए जिससे कि वित्तीय विवरणियों में गलत विवरण न होने के	3. तथ्यपूर्ण होने के कारण, कोई टिप्पणी नहीं ।

संबंध में उचित आश्वासन मिल सके। लेखा परीक्षा में वित्तीय विवरिणयों में परीक्षण आधार पर प्रकटित राशियों को समर्थित करने वाले प्रमाणों को परखना शामिल है। वित्तीय विवरणियों के कुल प्रस्तुतिकरण के मूल्यांकन के अलावा, प्रबंधकों द्वारा बनाए गए महत्वपूर्ण प्राक्कलनों तथा लेखाकरण सिद्धान्तों का निर्धारण भी लेखा परीक्षा में सम्मिलित है। हमारा मानना है कि हमारी लेखा परीक्षा हमारे अभिमत का यथोचित आधार बनेगी। 4. लेखापरीक्षा के आधार पर हम रिपोर्ट करते हैं कि :- (i) रिपोर्ट में दी गई टिप्पणियों के अनुसार हमने सभी सूचनाएं एवं स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं, जोकि हमारे ज्ञान और विश्वास के अनुसार लेखा परीक्षा के उद्देश्य हेतु आवश्यक था; (ii) समेकित तुलनपत्र और आय-व्यय लेखा तथा प्राप्तियां एवं भुगतान लेखा, जिन पर इस रिपोर्ट में विचार किया गया है, उन्हें कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित फॉर्मेट के अनुसार तैयार किया गया है। (iii) हमारे विचार में, क.भ.नि.सं. की लेखा बहियों एवं अन्य संगत अभिलेखों की जांच के बाद यह स्पष्ट होता है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा इनका क.भ.नि. एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 की धारा 5ए (5) के अनुसार रख-रखाव किया जा रहा है। iv) हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि:	4. तथ्यपूर्ण होने के कारण, कोई टिप्पणी नहीं ।
ए. तुलन पत्र **ए.1 देयताएं** **ए.1.1. सदस्यों के निष्क्रिय लेखे (अनुसूची 2) - 54657.87 करोड़ रूपये**	**ए. तुलन पत्र** **ए.1 देयताएं** **ए.1.1.**

(i) क्षेत्रीय कार्यालय, द्वारा निष्क्रिय लेखों के मद में वर्ष के दौरान 42.65 करोड़ रूपये का भुगतान किया गया, हालांकि, क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ द्वारा प्राप्ति एवं भुगतान लेखा सं.1 में शून्य दर्शाया गया है। इसके परिणामस्वरूप निष्क्रिय लेखे में 42.65 करोड़ रूपये अधिक दर्शाए गए। **(ii) क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नै । एवं चेन्नै ।।** क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नै द्वारा 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष की "निष्क्रिय लेखों के निपटान का सार" के अनुसार, 18,06,556 निष्क्रिय लेखों के संबंध में 829.51 करोड़ रूपये की राशि को 01.05.2010 के आदि शेष के रूप में दर्शाया गया है। 01.05.2010 के बाद निष्क्रिय लेखों में कोई वृद्धि नहीं हुई। वर्ष 2017-18 का कुल भुगतान 1308.83 करोड़ रूपये था जबकि वास्तविक शेष 829.51 करोड़ रूपये था जिसके परिणामस्वरूप 31.03.2018 को निष्क्रिय लेखों में 479.32 करोड़ रूपये का नकारात्मक शेष था किंतु वार्षिक लेखों में, निष्क्रिय लेखों में 366.19 करोड़ रूपये का नकारात्मक शेष दर्शाया गया था जिसके कारण 113.13 करोड़ रूपये का अंतर सामने आया। निष्क्रिय लेखों में दर्शाया गया गलत शेष तथा निष्क्रिय लेखों में पड़ी शेष राशि से अधिक भुगतान ईडीपी द्वारा सृजित रिपोर्ट में तकनीकी गलती के कारण हुआ। इसे लेखों में ठीक किए जाने की आवश्यकता है।	(i) सदस्यों के निष्क्रिय लेखे, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में सदस्य की भविष्य निधि देयताओं का हिस्सा होते हैं। क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ ने निष्क्रिय लेखों के भुगतान को सदस्य लेखों को भुगतान (सक्रिय) में दर्शाया है, वरना उनकी रोकड़ बही का समेकन नहीं होता। यह केवल सदस्य लेखों के बीच लेखों का गलत-वर्गीकरण है। अत:, सदस्य लेखों की देयताओं को अधिक नहीं दर्शाया गया है। हालांकि, क्षेत्रीय कार्यालय को चालू वित्तीय वर्ष में लेखो के आंकड़ों को सही शीर्ष में दर्शाने के लिए कहा गया है। (ii) उत्तर उपर्युक्तानुसार ही है।
ए.1.2. चालू देयताएं एवं उपबंध(क.भ.नि.) (अनुसूची-5) - 555.72 करोड़ रूपये उपर्युक्त में, 31 मार्च, 2018 तक 1976-77 से 2017-18 की अवधि के 140.86 करोड़ रूपये के असमेकित अधिक/त्रुटि पूर्ण जमा राशि शामिल है।	ए.1.2 क्षेत्रीय कार्यालयों को असमेकित अधिक/गलत जमा राशि का समेकन करने के निदेश दिए गए हैं।

ए.1.3 निर्धारित/अक्षय निधियां (एन्डोमेंट फंड्स)

स्टाफ भविष्य निधि (अनुसूची-13) 1077.69 करोड़ रूपये

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के स्टाफ भविष्य निधि लेखे में 1307.61 करोड़ रूपये की देयता थी (स्टाफ भविष्य निधि लेखे (अनुसूची 13) : 1077.69 करोड़ रूपये तथा स्टाफ भविष्य निधि ब्याज लेखा (अनुसूची 11) : 229.92 करोड़ रूपये) जिसके विरूद्ध लेखों में 1604.33 करोड़ रूपये की परिसंपत्ति दर्शाई गई (स्टाफ भविष्य निधि निवेश (अनुसूची 26) 1562.80 करोड़ रूपये, ट्रांजिट में स्टाफ भविष्य निधि राशि (अनुसूची 28) : 1.23 करोड़ रूपये, भारतीय रिजर्व बैंक स्टाफ भविष्य निधि निवेश लेखा (अनुसूची 28): 0.73 करोड़ रूपये, स्टाफ भविष्य निधि लेखे में गलत डेबिट (अनुसूची 28) 0.02 करोड़ रूपये तथा उपार्जित किंतु निवेश पर देय न होने वाला ब्याज: 39.55 करोड़ रूपये)। 296.72 करोड़ रूपये के अंतर का समेकन नहीं किया गया।

ए.1.3

स्टाफ भविष्य निधि में देयताओं के समक्ष तुलन पत्र में अतिरिक्त निवेश पिछले कई वर्षों के दौरान स्टाफ भविष्य निधि लेखे में अधिक राशि के अंतरण के कारण है। निवेश अनुभाग से स्टाफ भविष्य निधि लेखे में अतिरिक्त निवेश को चालू वित्तीय वर्ष के दौरान प्रशासकीय निधि में अंतरित करने के लिए अनुरोध किया जा रहा है।

ए.2. परिसंपत्तियां

ए.2.1 निम्नलिखित तालिका में 2015-16 से पहले मार्गस्थ प्रेषण की धन-प्रेषण राशि दर्शाई गई है जिसके समेकन वं लेखाकरण की आवश्यकता है।

लेखा शीर्ष	उपशीर्ष	राशि लाखों में
चालू परिसंपत्तियां, ऋण एवं अग्रिम (अनुसूची 23) कनिसबी 453.82 करोड़ रूपये	कनिसबी अंशदान लेखा क्षत्रीय (लेखा सं. 21) से कनिसबी अंशदान लेखा केंद्रीय (लेखा सं. 25) में मार्गस्थ प्रेषण	974.97
	बैंक से लेखा सं. 25 में मार्गस्थ प्रेषण	5.32
चालू परिसंपत्तियां, ऋण एवं अग्रिम (अनुसूची 28) कनिसबी प्रशासकीय निधि 1154.03 करोड़ रूपये	कभनि प्रशासकीय प्रभार लेखा केंद्रीय (लेखा सं. 4) की मार्गस्थ राशि	518.03
	स्टाफ भविष्य निधि लेखा की मार्गस्थ राशि (लेखा सं. 8)	122.68
चालू परिसंपत्तियां,	कभनिसबी प्रशासकीय प्रभार क्षेत्रीय लेखा	154.32

ए.2. मार्गस्थ राशि 2014-15 से पहले की अवधि की है। भारतीय रिजर्व बैंक ने जनवरी, 1989 से मई 1999 तक की अवधि का चालान उपलब्ध कराने में असमर्थता जताई है। इसी प्रकार 2014-15 से पहले के रिकार्ड का रख-रखाव मैनुअली किया जाता था तथा भारतीय स्टेट बैंक ने पुराने रिकॉर्ड उपलब्ध कराने में असमर्थता जाहिर की है। हालांकि, असमेकित मार्गस्थ राशि के समेकन के मामले पर भारतीय स्टेट बैंक के साथ बातचीत चल रही है।

ऋण एवं अग्रिम (अनुसूची 30) कनिसबी - प्रशासकीय निधि 141.77 करोड़ रूपये	(लेखा सं. 22) से कभनिसबी प्रशासकीय प्रभार लेखा केंद्रीय (लेखा सं. 24) में मार्गस्थ प्रेषण		
ए 2.2 कर्मचारी भविष्य निधि प्रशासकीय निधि निवेश (अनुसूची 25) - 21810.85 करोड़ रूपए जैसा कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के भुगतान और लेखा कार्यालय द्वारा बताया गया 31.03.2018 तक विशेष जमा लेखा के अंतर्गत कर्मचारी भविष्य निधि केंद्रीय प्रशासकीय निधि (लेखा संख्या 4) का निवेश 21,608.47 करोड़ रूपये था। हालांकि, लेखों में इसे 21600.85 करोड़ रूपये दर्शाया गया है। इसके कारण 31.03.2018 को अंत शेष में 7.62 करोड़ रूपए का अंतर सामने आया, जिसका समाशोधन नहीं किया गया ।			**ए.2.2** इस मामले पर भारतीय रिजर्व बैंक के साथ चर्चा की गई, जहां पर एस.डी.ए. का रखरखाव किया जाता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने रिकॉर्ड उपलब्ध न होने के कारण 1989 से 24.07.1998 तक की अवधि के अंतर के लिए लेखा विवरणी उपलब्ध कराने में असमर्थता जताई।
ए 2.3 कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा प्रशासकीय निधि निवेश (अनुसूची 29) – 2813.94 करोड़ रूपए जैसा कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के भुगतान और लेखा कार्यालय द्वारा बताया गया 31.03.2018 तक विशेष जमा लेखा के अंतर्गत क.नि.स.बी. प्रशासकीय प्रभार निधि (लेखा संख्या 24) का निवेश 2811.61 करोड़ रूपये था। हालांकि, लेखों में इसे 2813.94 करोड़ रूपये दर्शाया गया है। इसके कारण 31.03.2018 को अंत शेष में 2.33 करोड़ रूपए का अंतर सामने आया, जिसका समाशोधन नहीं किया गया ।			**ए.2.3** इस मामले पर भारतीय रिजर्व बैंक के साथ चर्चा की गई, जहां पर एस.डी.ए. का रखरखाव किया जाता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने रिकॉर्ड उपलब्ध न होने के कारण 1989 से 24.07.1998 तक की अवधि के अंतर के लिए लेखा विवरणी उपलब्ध कराने में असमर्थता जताई।
ए 2.4 निवेश (अनुसूची 18,20,22,26,27) - 1033894.31 करोड़ रूपये **ए 2.4.1** निवेश की उपर्युक्त पांच अनुसूचियों से क.भ.नि.सं. के निवेश की स्पष्ट स्थिति सामने नहीं आती जिसका विवरण इस प्रकार है:- i) अनुसूची में दिए गए प्रकटीकरण से न तो निवेश का परिशोधित मूल्य और न			**ए 2.4** **ए 2.4.1** (i) एवं (ii) निवेश के परिशोधित मूल्य तथा निवेश के अंकित मूल्य को अगले वित्तीय वर्ष के वार्षिक लेखों के प्रकटीकरण में अलग से दर्शाया जाएगा।

ही निवेश का अंकित मूल्य पता लगाया जा सकता है। (ii) इसके साथ ही, क.भ.नि.सं. ने तुलन पत्र में दर्शाए गए कुल निवेश के परिशोधित मूल्य में किए गए निवेश के प्रकारों को वर्गीकृत नहीं किया है।	
ए.2.4.2 उपर्युक्त में 41639.34 करोड़ रूपये का ईटीएफ निवेश शामिल है (अनुसूची 18,20,22,26 एवं 27 में दिखाए गए ईटीएफ निवेश का कुल जोड़) जबकि निवेश मॉनीटरिंग प्रकोष्ठ (आईएमसी) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, 31 मार्च, 2018 को ईटीएफ निवेश का मूल्य 43663.23 करोड़ रूपये था। इसके परिणामस्वरूप ईटीएफ निवेश में 2023.89 करोड़ रूपये कम दर्शाए गए। साथ ही ईटीएफ निवेश का बाजार मूल्य 47480.08 करोड़ रूपये था जिसे लेखा- नोट में दर्शाया नहीं गया।	**ए.2.4.2** राशि में अंतर प्रतिभूतियों के गलत-वर्गीकरण की वजह से सामने आया। लेखों में दर्शाई गई निवेश की कुल राशि, निवेश अनुसूची की कुल राशि से मेल खाती है। वर्गीकरण में अंतर को अगले तुलन-पत्र में सही कर दिया जाएगा। अभी तक, निवेश को लागत मूल्य पर दर्शाने की नीति थी, हालांकि धारित प्रतिभूतियों के बाजार मूल्य के कारण होने वाले लाभ तथा हानि को ईटीएफ के लिए लेखा नीति के अधिसूचित होने के बाद दर्शाया जाएगा।
ए.2.5 चालू परिसंपत्तियां, ऋण एवं अग्रिम (अनुसूची 28) - 1154.03 करोड़ रूपये मासिक बिजली एवं जल प्रभार तथा हुडको विशाला भवन में आमतौर पर साझा प्रयोग में लेने वाले सेवाओं के रख-रखाव का सितंबर, 2009 से सितंबर, 2016 तक की अवधि के लिए सीबीईसी तथा सीबीडीटी (सीबीईसी 1.87 करोड़ रूपये तथा सीबीडीटी: 2.03 करोड़ रूपये) से 3.90 करोड़ रूपये की राशि प्राप्त की जानी है तथा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा चालू वर्ष का बिल प्रस्तुत नहीं किया गया है क्योंकि मामला विवादित है। इस तथ्य को लेखा-नोट में दर्शाया जाए।	**ए.2.5** कभनिसं के लिए अलग से मीटर लगाने हेतु बिजली और जल आपूर्ति प्राधिकारियों के साथ मामले को उठाया गया है। तब तक, सीबीईसी एवं सीबीडीटी से कहा गया है कि वे कभनिसं को पिछली देय राशि सहित अपने भाग के देय का भुगतान करें। इस मामले पर जोर देकर कार्रवाई की जा रही है।
बी. आय एवं व्यय लेखा **बी.1 आय** **बी.1.1 ब्याज आय - 30490.87 करोड़ रूपये (अनुसूची 34)** उपर्युक्त में, वर्ष के दौरान कर्मचारी भविष्य निधि संगठन को प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत मिले अनुदान पर 4.85 करोड़ रूपये की ब्याज आय भी शामिल है जिसे सरकार की देयता के रूप में दर्शाया जाना चाहिए था। साथ ही, पिछले वर्ष (2016-17) के दौरान अर्जित 1.44 करोड़ रूपये की ब्याज आय (उपयोग प्रमाणपत्र के अनुसार 166.58 करोड़ रूपये के आदि शेष में से घटाए गए कभनिसं द्वारा उपलबध विवरण के अनुसार 165.14 करोड़ रूपये का अंतर) को भी सरकार की देयता के रूप में नहीं दर्शाया गया है। इसके परिणामस्वरूप 4.85 करोड़	**बी.** **बी.1.** **बी.1.1** प्रधानमंत्री परिधान रोजगार प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्राप्त अनुदान के लिए खोले गए बैंक खाते पर अर्जित ब्याज राशि संबंधी मामला श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के विचाराधीन है। इस मामले पर निर्णय हो जाने के बाद, ऐसे ब्याज की राशि पर भारत सरकार के निर्णयानुसार कार्रवाई की जाएगी।

रूपये की ब्याज आय, कर्मचारी पेंशन योजना अंशदान निधि (अनुसूची 6) में 1.44 करोड़ रूपये अधिक दर्शाए गए तथा चालू देयताओं एवं उपबंधों में 6.29 करोड़ रूपये कम दर्शाए गए।	व्यय न किए गए शेष (आदिशेष तथा अंतशेष) के अंतर के संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि केंद्र सरकार द्वारा जारी अनुदान एवं अंशदान स्वीकृति पत्र के आधार पर कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के संबंध में उपयोग प्रमाणपत्र जारी किया गया। उपयोग प्रमाणपत्र द्वारा अग्रेषित विवरण में कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 का आदि तथा अंतशेष शामिल नहीं है 7,925.69 करोड़ रूपये की ब्याज राशि कर्पेयो, 1995 में सरकार के अंशदान पर अर्जित ब्याज से संबंधित है जिसे लोक लेखा में जमा किय गया है (केंद्र सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार) संबंधित बैंक खातों में वास्तविक प्राप्तियों तथा उस पर क्रेडिट ब्याज के आधार पर श्रम एवं रोजगार मंत्रालय को प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना तथा पीएमपीआरपीवाई के अंतर्गत उपयोग प्रमाणपत्र भेजे गए।
सी. महत्वपूर्ण लेखा नीतियां (अनुसूची 44) **सी.1** किसी शीर्ष को जोड़ने/हटाने से संबंधित महत्वपूर्ण लेखा नीति सं. 13 प्रकटीकरण प्रकृति की है तथा इसे आकस्मिक देयताओं एवं लेखों पर नोट की अनुसूची के अंतर्गत दर्शाए जाने की आवश्यकता है।	**सी.** **सी.1** अनुपालन के लिए नोट किया गया इसे चालू वित्तीय वर्ष में आकस्मिक देयताओं एवं लेखों पर नोट की अनुसूची के अंतर्गत दिखाया जाएगा।
सी. 2 महत्वपूर्ण लेखा नीति सं. 7.2 जिसमें यह कहा गया कि स्टाफ को दिए गए अग्रिम पर ब्याज को वसूली अवधि पर ध्यान दिए बगैर वसूली की अवधि में समान रूप से वितरित किया जाएगा, को कभनिसं द्वारा 2017-18 के दौरान लागू नहीं किया गया जबकि इसे लागू करने के आदेश कभनिसं द्वारा अगस्त, 2018 में जारी किए गए थे।	**सी.2** भविष्य में अनुपालन के लिए नोट किया गया।
सी.3 महत्वपूर्ण लेखा नीति सं. 10.2. में कहा गया कि अवकाश नकदीकरण को उस वर्ष के राजस्व व्यय के रूप में देखा जाएगा। यह लेखा नीति लेखों के सामान फार्मेट तथा एएस-15 का उल्लंघन है जिसमें यह कहा गया है कि सेवानिवृत्ति पर अवकाश नकदीकरण का प्रावधान बीमांकक मूल्यांकन के बाद किया जाए।	**सी.3** अनुमोदित लेखा के सामान फार्मेट तथा इसकी अनुसूचियां अनुसूची 44: महत्वपूर्ण लेखा नीतियां बिंदु 10.2 में कहा गया है कि 'वर्ष के दौरान दिए गए अवकाश नकदीकरण को उस वर्ष के राजस्व व्यय के रूप में देखा जाएगा'। तद्नुसार अवकाश नकदीकरण व्यय को उस वर्ष के राजस्व व्यय के रूप में देखा जाता है।
सी.4 निवेश पर महत्वपूर्ण लेखानीति सं.3 अपूर्ण है क्योंकि यह स्थिर ब्याज आय वाले साधनों में निवेश के मूल्यांकन तथा लेखाकरण की नीति को प्रकट नहीं करती। ब्याज	**सी.4** दिनांक 27.01.2007 को आयोजित केंद्रीय बोर्ड की 178वीं बैठक द्वारा अनुमोदित निवेश के लिए संशोधित लेखा नीति के अनुसार परिशोधित मूल्य पर

<table>
<tr><td>वाले स्थिर आय साधनों में निवेश का परिशोधित मूल्य पर मूल्यांकन किया गया, जिसे लेखा नीति में प्रकट किया जाना चाहिए।</td><td>निवेश/प्रतिभूतियों का मूल्यांकन किया जाता है।</td></tr>
<tr><td>सी.5 कभनिसं ने एक्सचेंज ट्रैडड फंड्स (ईटीएफ) में निवेश किया है तथा निवेश के मूल्यांकन के लिए महत्वपूर्ण लेखा नीति (अनुसूची 44 में नीति सं. 3) को प्रकट किया है। हालांकि, प्रकट की गई नीति के अनुसार निवेश का मूल्यांकन नहीं किया गया। कभनिसं ने कहा कि लेखा नीति में केंद्र सरकार द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 1952 में उपयुक्त संशोधन की आवश्यकता है।</td><td>सी.5 अनुसूची में 44 में नीति सं.3 के अनुसार मूल्यांकन को अधिसूचित किया जाना बाकी है। अभी, ईटीएफ में निवेश को लागत मूल्य पर दिखाया जा रहा है।</td></tr>
<tr><td>सी.6 कभनिसं का अगस्त, 2015 से भारत 22 ईटीएफ में 2024.75 करोड़ रूपये का निवेश है, जिसका 31 मार्च, 2018 तक बाजार मूल्य 1980.45 करोड़ रूपये है यानी 31 मार्च, 2018 तक 44.30 करोड़ रूपये की कमी है जिसे लेखों पर नोट में दर्शाया नहीं गया।</td><td>सी.6 इक्विटि अथवा ऐसे ही अन्य साधनों में निवेश का मूल्य बाजार में अस्थिरता के प्रति संवेदनशील होते हैं तथा लगभग दैनिक आधार पर उतरते-चढ़ते रहते हैं। मूल्य तथा बाजार भाव में किसी नकारात्मक अंतर को इसलिए तब तक कमी नहीं कहा जा सकता, जब तक कि निवेश की बिक्री तथा घाटे को बुक नहीं कर लिया जाता। ईटीएफ के लिए आगामी लेखा नीति ऐसे मामलों पर विचार करेगी।</td></tr>
<tr><td>सी.7 महत्वपूर्ण लेखा नीति सं. 10.1 में कहा गया है कि स्टाफ पेंशन-सह ग्रेच्युटी निधि संबंधी देयताओं का बीमांकक आधार पर वर्ष के अंत में लेखाकरण किया जाता है तथा बीमांकक मूल्यांकन के कारण निधि में किसी कमी अथवा आधिक्य का, संबंधित वर्ष में ही लेखाकरण किया जाता है। कभनिसं ने नवंबर, 2015 से उपर्युक्त निधि के लिए बीमांकक मूल्यांकन नहीं करवाया। साथ ही, नवंबर, 2015 में किए गए उपर्युक्त मूल्यांकन के कारण 4854.37 करोड़ रूपये के घाटा (स्टाफ पेंशन-सह-ग्रेच्युटी निधि में लेखों पर नोट का अवलोकन करें) का लेखानीति सं. 10 (1) का उल्लंघन करते हुए लेखों में लेखाकरण नहीं किया गया।</td><td>सी.7 पेंशन-सह-ग्रेच्युटी निधि लेखे के बीमांकक मूल्यांकन (2014-15) के अनुसार 10,559.66 रूपये का निवल घाटा था। केंद्रीय न्यासी बोर्ड के अनुमोदन के अनुसार लेखा सं. 4 तथा 24 में राजस्व अधिशेष को घाटे की पूर्ति हेतु पेंशन-सह-ग्रेच्युटी निधि में अंतरित किया जा रहा है। 31.03.2018 तक अंतरित कुल राशि को ग्रेच्युटी एवं पेंशन के वास्तविक भुगतान सहित संबंधित वर्ष के व्यय के रूप में देखा जाता है।</td></tr>
<tr><td>डी सामान्य
डी.1 कभनिसं निम्नलिखित शीर्षों के अंतर्गत उचंत लेखों का परिचालन किया जा रहा है:
<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>शीर्ष का नाम</th><th>शीर्ष के अंतर्गत वर्गीकृत राशि</th></tr>
<tr><td></td><td>विविध जमा</td><td></td></tr>
<tr><td>1.</td><td>उचंत लेखा (अवर्गीकृत कर्मचारी भविष्य</td><td>96.25</td></tr>
</table></td><td>डी.1 इसके रखरखाव के संबंध में कहा जाता है कि राशि/लेन-देन का फील्ड कार्यालयों द्वारा नियमित रूप से उपयुक्त लेखाकरण, मॉनीटरिंग एवं समायोजन किया जाता है। इस रिकॉर्ड का रख-रखाव फील्ड कार्यालयों द्वारा किया जाता है तथा राज्यों के संबंधित महा लेखाकारों द्वारा जांच/लेखा परीक्षा की जा सकती है।</td></tr>
</table>

	निधि) (अनूसूची 5)			
2.	उचंत लेखे (प्रशासकीय निधि) (अनूसूची 15)	20.58		
	विविध नामे			
3.	उचंत लेखे (अवर्गीकृत क.भ.नि.) (अनुसूची 19)	87.76		
4.	उचंत लेखे (प्रशा निधि) (अनुसूची 28)	22.76		
कभनिसं के लेखांकन प्रक्रिया मैनुअल भाग-I के अध्याय 10 के अंतर्गत पैरा VII पैरा 10.6 के अनुसार प्रत्येक वर्ष तुलन पत्र में परिसंपत्तियों और देयताओं दोनों के पक्ष में "अवर्गीकृत उचंत" के अंतर्गत शेष का विवरण दर्शाने वाली विवरणी, जिसमें लेन-देन की तिथि, संक्षिप्त विवरण, राशि इत्यादि दर्शाई गई हो, संलग्न की जाए। विनिर्दिष्ट आवश्यक विवरण वार्षिक लेखों में शामिल नहीं किया गया है।				
डी.2 वार्षिक मूल्यांकन - कर्मचारी पेंशन योजना के अनुच्छेद 32 के अनुसार, संघ सरकार को द्वारा नियुक्त मूल्यांकक द्वारा कर्मचारी पेंशन निधि का वार्षिक मूल्यांकन कराया जाना आवश्यक है। वर्ष 2015-16 और 2016-17 के लिए मूल्यांकन रिपोर्ट श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा अनुमोदित की जानी शेष है और वर्ष 2017-18 के लिए मूल्यांकन किया जाना शेष है।				**डी.2** वर्ष 2015-16 और 2016-17 के लिए वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट बीमांकक से प्राप्त हुई है और इसे श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किया जाना शेष है तथा वर्ष 2017-18 के लिए मूल्यांकन अभी शेष है।
ई. अनुदान सहायता कर्मचारी भविष्य निधि संगठन मुख्य रूप से अंशदान से प्राप्तियों एवं प्रशासनिक शुल्क से वित्तपोषित है। वर्ष 2017-18 के दौरान भारत सरकार से संगठन को कोई अनुदान प्राप्त नहीं हुआ । तथापि, क.पें.यो. 1995, पीएमआरपीवाई और पीएमपीआरपीवाई योजनाओं के अंतर्गत 1000/- रूपये प्रति माह की न्यूनतम पेंशन के लिए केंद्र सरकार से नीचे दिए गए विवरण के अनुसार अनुदान प्राप्त हुआ है : (i) क.भ.नि.सं के पास क.पें.यो 1995 योजना के तहत (-)6663.67 करोड़ रूपये (वसूली योग्य) अव्ययित शेष था, वर्ष 2017-18 के दौरान 5111.18 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, वर्ष के दौरान 5757.42 करोड़ रुपये का उपयोग करने के पश्चात योजना के अंतर्गत				**ई** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन का संपूर्ण व्यय प्रशासनिक और निरीक्षण प्रभार से वित्तपोषित होता है, प्रशासनिक व्यय के लिए बजटीय सहायता के रूप में भारत के समेकित कोष से क.भ.नि.सं को कोई अनुदान सहायता प्राप्त नहीं होती है। हालाँकि, क.पें.यो. 1995, पीएमआरपीवाई और पीएमपीआरपीवाई योजनाओं के अंतर्गत प्रति माह 1000/- रूपये की न्यूनतम पेंशन के लिए केंद्र सरकार की ओर से अनुदान प्राप्त हुआ है। बिंदु संख्या (i), (ii) और (iii) में दर्शाए गए आंकड़े समुचित लेखा शीर्षों में वार्षिक लेखों में दर्शाए गए हैं।

(-)7308.91 करोड़ रुपये (वसूली योग्य) अव्ययित शेष रहे । (ii) क.भ.नि.सं के पास पीएमआरपीवाई योजना के अंतर्गत 165.14 करोड़ रुपये अव्ययित शेष था, वर्ष 2017-18 के दौरान 470.25 करोड़ रुपये हुए, वर्ष के दौरान 491.31 करोड़ रुपये का उपयोग करने के पश्चात योजना के अंतर्गत 144.08 करोड़ रुपये अव्ययित शेष रहे। (iii)) क.भ.नि.सं के पास पीएमपीआरपीवाई योजना के तहत 29.82 करोड़ रुपये अव्ययित शेष था, वर्ष 2017-18 के दौरान 12.00 करोड़ रुपये का उपयोग किया गया। वर्ष के दौरान 18.40 करोड़ रुपये का उपयोग करने के पश्चात योजना के अंतर्गत रुपये 23.42 करोड़ अव्ययित शेष बचा।	
एफ. प्रबंधन पत्र ऐसी कमियां जिन्हे (महत्ता के आधार पर) लेखापरीक्षा रिपोर्ट में सम्मिलित नहीं किया गया है को सुधारक / निवारक कार्रवाई हेतु अलग से जारी प्रबंधन पत्र के द्वारा केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन को सुधारात्मक कार्रवाई हेतु ध्यान में लाया गया है। **v.** पिछले पैरा में दी गई टिप्पणियों को देखते हुए, हम रिपोर्ट करते हैं कि तुलन पत्र तथा आय एवं व्यय खाते तथा प्राप्तियां एवं भुगतान खाते लेखा पुस्तिका के अनुसार सही हैं । **vi.** हमारे विचार में तथा हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, उपर्युक्त वित्तीय विवरण उपर्युक्त पैरा एवं उपर्युक्त अन्य महत्वपूर्ण मामलों और इस लेखा परीक्षा रिपोर्ट के परिशिष्ट के अधीन है तथा यह भारत में सामान्य रूप से स्वीकार्य लेखा सिद्धांतों के अनुसार एक सत्य एवं निष्पक्ष मत प्रस्तुत करता है । ए. जहां तक तुलनपत्र का संबंध है, यह कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के 31 मार्च, 2018 तक के क्रियाकलापों को दर्शाता है ।	**एफ.** सीएजी द्वारा प्रकाश में लाई गई कमियों का संज्ञान लिया गया है और सुधारात्मक कार्रवाई अलग से की जा रही है।

बी. जहां तक आय एवं व्यय लेखे के अधिशेष का संबंध है, यह उस तिथि को समाप्त वर्ष से संबंधित है ।	

भारत के नियंत्रक के महालेखा परीक्षक की ओर से
हस्ता / -
महानिदेशक लेखा परीक्षा, (केंद्रीय व्यय)

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 23-07-2019

पृथक लेखापरीक्षा रिपोर्ट के परिशिष्ट

पृथक लेखापरीक्षा रिपोर्ट (परिशिष्ट) - अभियुक्तियां	संगठन की अभियुक्तियां
1. आंतरिक लेखापरीक्षा प्रणाली की पर्याप्तता • कुल 132 इकाइयों में से, 132 इकाइयों की आंतरिक लेखा परीक्षा की योजना बनाई गई थी और केवल 131 इकाइयों का लेखा परीक्षण किया गया था। • आपत्तियों के निपटारे के लिए उचित अनुवर्ती कार्रवाई नहीं की गई क्योंकि 31.3.2018 को 12899 आंतरिक ऑडिट पैरा बकाया थे।	**1** • ईपीएफटी के सीजीआईटी में विलय के कारण एक इकाई का ऑडिट नहीं किया जा सका। • ई-समीक्षा के माध्यम से उचित अनुवर्ती कार्रवाई की गई है और निगरानी की जा रही है। इन पैरा को समाप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं।
2. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता • 31 मार्च 2018 विविध डेबिट (अनुसूची 19) में ओवरपेमेंट और अनियमित भुगतान का संचयी शेष क्रमशः 6.35 करोड़ और 5.88 करोड़ रुपये शामिल है। एक वर्ष की अवधि में अधिक भुगतान की राशि में 84 लाख रुपये की वृद्धि हुई है। यह प्रणाली की गंभीर चूक और पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण की कमी को दर्शाता है। • क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर 1.98 करोड़ रुपये की अन्य अचल संपत्तियों और 2,.04 लाख रुपये की सिक्योरिटी डिपॉजिट के विवरण की पुष्टि नहीं कर सका। • आंचलिक कार्यालय भोपाल और आंचलिक कार्यालय पटना द्वारा समेकित खातों के आंकड़े उनके अधिकार क्षेत्र के तहत क्षेत्रीय कार्यालयों के खाते से मेल नहीं खा रहे हैं। • क्षे.का नासिक, क्षे.का हावड़ा, क्षे.का बेहरामपुर, क्षे.का चेन्नई । और ॥ और पीडीनास के खातों और बजट नियंत्रण रजिस्टर के आंकड़ों में भिन्नता। • आंचलिक कार्यालय भोपाल, क्षे.का रायपुर, क्षे.का इंदौर, क्षे.का चेन्नई । और ॥ और आं.प्र.सं कोलकाता की खातों में दर्शाई गई अचल संपत्तियों के आंकड़ों एवं इनके विवरण के बीच में	**2.** • ऐसे भुगतानों की वसूली के लिए सभी फील्ड कार्यालयों को समय-समय पर निर्देश जारी किए गए थे। भुगतान और अनियमित भुगतानों की वसूली के लिए अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त की अध्यक्षता वाली समिति का गठन किया गया है • क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर को ऑडिट टीम के आने वाले दौरे के समय अचल संपत्तियों और सिक्योरिटी डिपॉजिट के आवश्यक रिकॉर्ड प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। • इसका समाधान किया जाएगा और यदि कोई अंतर होगा तो उसे अगले वित्तीय वर्ष में समायोजित किया जाएगा। • क्षेत्रीय कार्यालयों ने स्पष्ट किया है कि ये अंतर बजट नियंत्रण रजिस्टर में कुछ लिपिकीय और टाइपोग्राफिक गलतियों के कारण हैं और भविष्य में इन्हें दोहराया नहीं जाएगा। • समाशोधन के पश्चात अंतर, यदि कोई हो, अगले वित्तीय वर्ष में समायोजित किया जाएगा ।

भिन्नता। • आं.प्र.सं कोलकाता द्वारा लेखा बहियों का रखरखाव ठीक से नहीं किया गया। वर्ष 2017-18 के लिए लेखा बहियों के मामले में यह देखा गया कि आंकड़े पेंसिल द्वारा लिखे और जोडे गए थे और प्रविष्टियों के संबंध में कोई अधिकृत हस्ताक्षर नहीं किए गऐ थे। परिणामस्वरूप, लेखापरीक्षा में प्रविष्टियों की प्रमाणीकरण और उपयुक्तता का पता नहीं लगाया जा सका। इसके अलावा, प्रविष्टियाँ लेखों में दिखाए गए हेड डिवीजनों के अनुसार नहीं थीं , जिसके परिणामस्वरूप प्रत्येक संबंधित हेड से संबंधित आंकड़े ट्रेस करने में कठिनाई होती है। • कई क्षे.का ने ऑडिट के लिए पूर्व-संशोधित खातों को प्रस्तुत किया है	• विभिन्न खातों में दिखाए गए अंतर को फिर से जांचा गया और सही पाया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि ऑडिट टीम को भूलवश पूर्व-संशोधित बैलेंस शीट प्रस्तुत कर दी गई थी। ऑडिट टीम के अगले दौरे मे इसका सत्यापन किया जा सकता है। • आं.का/ क्षे.का को निर्देश दिया गया है कि वे लेखा परीक्षा के लिए केवल अंतिम खातों को प्रस्तुत करें जिन्हें समग्र रूप से क.भ.नि.सं के लेखों के समेकन के लिए अपनाया गया है।
3. अचल संपत्तियों के भौतिक सत्यापन की प्रणाली • क.भ.नि.सं., मुख्यालय की पुस्तकों, प्रकाशनों और वाहनों को छोड़कर अचल संपत्तियों का भौतिक सत्यापन 3/12/2018 को किया गया था। • क.भ.नि.सं के क्षेत्रीय कार्यालयों की अचल संपत्तियों का भौतिक सत्यापन नियमित रूप से नहीं किया जा रहा है (क्षे.का देहरादून, क्षे.का पटना और जोनल ऑफिस फरीदाबाद द्वारा अपने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के संबंध में)।	**3.** • संबंधित कार्यालयों में अचल संपत्तियों के नियमित भौतिक सत्यापन के लिए समितियों का गठन किया गया है। • संबंधित कार्यालयों में अचल संपत्तियों के नियमित भौतिक सत्यापन के लिए समितियों का गठन किया गया है।
4. इन्वेंट्री के भौतिक सत्यापन की प्रणाली • क.भ.नि.सं., मुख्यालय के संबंध में उपभोग्य और स्टेशनरी के संबंध में भौतिक सत्यापन 3/12/2018 को किया गया है। • क.भ.नि.सं के क्षेत्रीय कार्यालयों की क्षेत्रीय कार्यालयों की इन्वेंट्री का भौतिक सत्यापन नियमित रूप से नहीं किया जा रहा है (क्षे.का देहरादून, क्षे.का पटना और जोनल कार्यालय फरीदाबाद अपने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के संबंध में)।	**4.** • अचल संपत्तियों के नियमित सत्यापन के लिए समिति का गठन किया गया है। • इन्वेंट्री के नियमित सत्यापन के लिए समिति का गठन किया गया है।
5. सांविधिक देयों के भुगतान में नियमितता लेखों के अनुसार 31.03.2018 तक सांविधिक देयों के संबंध में पिछले 6 महीनों से कोई भुगतान बकाया नहीं है।	**5.** तथ्यात्मक, है कोई टिप्पणी नहीं ।

प्रबंधन पत्र के लिए परिशिष्ट

<table>
<tr>
<td>1. चालू वर्ष के दौरान वर्ष 2016-17 के लिए बैंकिंग अनुभाग और क.भ.नि.सं के निवेश अनुभाग की राशि के बीच अंतर को समायोजित नहीं किया गया था जैसा कि नीचे सारणीबद्ध है।
<table>
<tr><th>लेखा शीर्ष</th><th>राशि (लाख में)</th></tr>
<tr><td>वर्तमान देयताएं और प्रावधान (क.भ.नि) (अनुसूची 5) - क.भ.नि निवेश खाते में अतिरिक्त क्रेडिट'</td><td>63.66</td></tr>
<tr><td>वर्तमान देयताएं और प्रावधान (क.पें.यो) (अनुसूची 7) - क.पें.यो निवेश खाते में अतिरिक्त क्रेडिट'</td><td>26.39</td></tr>
<tr><td>वर्तमान देयताएं और प्रावधान (क.नि.सह.बी.यो.) (अनुसूची 9) - क.नि.सह.बी.यो.निवेश खाते में अतिरिक्त क्रेडिट'</td><td>40.85</td></tr>
<tr><td>वर्तमान देयताएं और प्रावधान (अनुसूची 15) स्टाफ पैंशन-सह-ग्रेच्युटी फंड - पैंशन- पैंशन-कम-ग्रेच्युटी फंड निवेश खाते में अतिरिक्त क्रेडिट'</td><td>5.13</td></tr>
<tr><td>कुल</td><td>136.03</td></tr>
</table>
</td>
<td>1. अगले वित्तीय वर्ष में इसे समायोजित कर दिया जाएगा।</td>
</tr>
<tr>
<td>2. ब्याज खाता - क.भ.नि. अंशदान निधि (अनुसूची-4) रू. 27006.83 करोड़

उपर्युक्त में निवेश घटाव-चढ़ाव लेखे के अंतर्गत रुपये 270.08 करोड़ रुपये की राशि शामिल है जो जो 2006-07 से संचालित नहीं हुए हैं। इस गैर-परिचालन लेखे की निरंतरता और लेखों में परिणामस्वरूप आवश्यक लेखा समायोजन के संबंध में निर्णय लिया जाना चाहिए।</td>
<td>2. इस मामले को के.न्या.बो., क.भ.नि.सं. के विचारार्थ रखा जाएगा।</td>
</tr>
<tr>
<td>3. क.नि.सह.बी. अंशदान निधि निवेश (अनुसूची 22) - रु. 23591.54 करोड़

उपर्युक्त राशि में वर्ष 2017-18 के लिए सार्वजनिक खाते में क.नि.सह.बी. निवेश पर ब्याज के रूप में प्राप्त किए गए 684.60 करोड़ रुपये शामिल हैं, लेकिन निवेश अनुभाग द्वारा लेखा परीक्षा के लिए प्रदान किए गए निवेश के विवरण में यह राशि शामिल नहीं है। इसके समायोजन की आवश्यक्ता है।</td>
<td>3. चुंकि 684.60 करोड़ रुपये को लोक लेखे के तहत क.नि.सह.बी.यो. पर अर्जित ब्याज के रूप में रखे जाने के संबंध में जानकारी श्रम और रोजगार मंत्रालय के पत्र संख्या जी-20016/1/2018-एसएस-II दिनांक 07-12-2018 द्वारा प्राप्त हुई अत: इसे निवेश अनुभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 में दिखाया जाएगा।</td>
</tr>
</table>

4. अचल संपत्तियां (अनुसूची 24) - 408.37 करोड़ रुपये **(i)** उपरोक्त में रु 2.70 करोड की राशि शामिल है जिसे क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता द्वारा 2016-17 के दौरान खातों की लीगेसी प्रणाली से खातों के एकरूप प्रारूप में रूपांतरण के लिए कटौती के रूप में दिखाया गया है। हालांकि, इन कटौतियों का विवरण न तो 2016-17 के दौरान और न ही चालू वर्ष (2017) में लेखा परीक्षा के लिए प्रदान किया गया था। अत: ऑडिट इन कटौती को सत्यापित नहीं कर सका। **(ii) आंचलिक कार्यालय चंडीगढ़** **(ए)** मुख्य कार्य की प्रगति में क्षे.का जालंधर द्वारा एजेंसियों / ठेकेदारों को एडवांस के तहत 6.74 करोड़ रुपये दिखाए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप एजेंसियों / ठेकेदारों को अग्रिम को अधिक दर्शाया गया है और 6.74 करोड़ रुपये मुख्य कार्य की प्रगति को कम दर्शाया गया है। **(बी)** क्षे.का जालंधर द्वारा अचल संपत्तियों-भवन के अंतर्गत 2.26 करोड़ रुपये मुख्य कार्य की प्रगति के रूप में दर्शाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप मुख्य कार्य की प्रगति 2.26 करोड़ रुपये रुपये से फिक्स्ड एसेट्स की ओवरस्टेजमेंट की समझ है। जिसके परिणामस्वरूप एजेंसियों / कॉन्ट्रैक्टर्स को अग्रिम को अधिक दर्शाया गया है और 6.74 करोड़ रुपये मुख्य कार्य की प्रगति को कम दर्शाया गया है। **(सी)** एसबीएस नगर लुधियाना क.भ.नि.सं कॉलोनी में बाउंड्री वाल के काम के एजेंसियों / ठेकेदारों को अग्रिम में 19.63 लाख रुपए (क्षे.का., लुधियाना) एवं ट्रांसफार्मर की स्थापना के लिए 22.54 लाख (क्षे.का., चंडीगढ़) की राशि शामिल है । कार्य क्रमशः 19/9/2017 और 8/4/2016 को पूरा किया गया है और इसलिए इसे अचल संपत्तियों-भवन के अंर्तगत दिखाया जाना चाहिए था। इसके परिणामस्वरूप एजेंसियों / ठेकेदारों को अग्रिम भुगतान अधिक और अचल संपत्तियों को 42.17 लाख रूपए कम दर्शाया गया है। **(iii)** 3.39 लाख रुपये रुपये का पूंजीगत व्यय क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर द्वारा राजस्व व्यय के रूप में लेखे में दर्शाया गया है , जिसके परिणामस्वरूप अचल परिसंपत्तियों को 3.39 लाख रुपये कम दर्शाया गया है।	**4.** **(i)** 2.70 करोड़ का ब्योरा, राज्य एजी दल द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय, अगली वार्षिक लेखा परीक्षा के लिए कोलकाता के दौरे के समय सत्यापित किया जा सकता है। **(ii)** **(ए)** वर्ष 2018-19 के वार्षिक खातों में इसे समायोजित किया जाएगा। **(बी)** वर्ष 2018-19 के वार्षिक खातों में इसे समायोजित किया जाएगा। **(सी)** इसे वर्ष 2018-19 के वार्षिक खातों में इसे समायोजित किया जाएगा। **(iii)** गणना की गलती के कारण मूल्यह्रास अंतर को अगले वित्तीय वर्ष में समायोजित किया जाएगा।

5. वर्तमान संपत्ति, ऋण और अग्रिम (अनुसूची 28) **(i) वसूली योग्य अग्रिम** उपरोक्त में 52.19 लाख रुपए की नकारात्मक शेष राशि शामिल है (क्षे.का. तांबरम, 41 लाख रुपये और क्षे.का सिलीगुड़ी: 11.19 लाख रुपये) । इसे सुधारने की आवश्यकता है। **(ii) एजेंसियों / ठेकेदार को अग्रिम** एजेंसियों / ठेकेदारों को अग्रिम में रु 12.72 लाख की राशि शामिल है (क्षे.का चंडीगढ़) जो पहले ही वर्ष 2015-16 में कार्यालय उपकरणों के तहत पूंजीकृत हो चुका है। इसके परिणामस्वरूप एजेंसियों / ठेकेदारों को 2.72 लाख रुपए अग्रिम अधिक दर्शाया गया है। **(iii) सिक्योरिटी डिपॉजिट** वर्तमान आस्तियों, ऋण और अग्रिमों में रु 9.09 लाख छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी लिमिटेड (एससीपीडीसीएल) रायपुर (क्षे.का रायपुर) के साथ शामिल नहीं है । इसके परिणामस्वरूप संपत्ति और देनदारियों का राजस्व (राजस्व अधिशेष) 9.09 लाख रुपये कम दर्शाया गया है।	**5.** **(i)** वर्ष 2017-18 के लिए बैलेंस शीट में वसूली योग्य अग्रिमों के तहत नकारात्मक शेष, संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा समायोजित किए जा रहे हैं। **(ii)** इसे अगले वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक खातों में समायोजित किया जाएगा। **(iii)** राजस्व व्यय के रूप में गलत तरीके से दिखाए गए सिक्योरिटी डिपॉजिट को अगले वित्तीय वर्ष में वापस 'सिक्योरिटी डिपॉजिट' में लिखा जाएगा।
